प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

शहीद दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में शहीद दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों द्वारा रचनात्मकता का प्रयोग कर शहीदों को श्रद्धांजली देते हुए पोस्टर बनाये गये।

प्रतियोगिता में प्रौद्यौगिकी महाविद्यालय के द्वितीय वर्ष की छात्रा निकिता गौतम ने प्रथम; कृषि महाविद्यालय के द्वितीय वर्ष के छात्र अमित सिंह रावत ने द्वितीय एवं गृह विज्ञान महाविद्यालय की द्वितीय वर्ष कि छात्रा भावना बसेरा तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्टाफ काउंसलर, श्री टी.ए. खस्तगीर एंव को–स्टाफ काउंसलर, डा. शेफाली मेसी का अहम योगदान रहा। गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठात्री, डा. अल्का गोयल ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।